एक नजर में

## श्रीराम निराश्रित महिला आश्रम में पंखे भेंट किए



इंदौर . सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप द्वारा श्रीराम निराश्रित महिला आश्रम में एक सराहनीय सेवा कार्य किया गया . इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने आश्रम में 2 पंखे भेंट किए तथा वहां रह रही महिलाओं एवं बुजुर्गजनों के साथ समय बिताया . ग्रुप के सदस्यों ने आश्रम की महिलाओं एवं बुजुर्गों से बातचीत कर उनका हाल-चाल जाना. इस सेवा कार्य से सभी काफी प्रसन्न नजर आए. कार्यक्रम के दौरान सभी बुजुर्ग माताओं ने मिलकर गायत्री मंत्र का उच्चारण भी किया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक और सकारात्मक हो गया . पवार दम्पति ने सभी बुजुर्गों को बहुत ही व्यवस्थित तरीके से रहना सिखाया है . उनके इस सराहनीय कार्य के लिए ग्रुप के सदस्यों ने उन्हें बधाई दी . यह आश्रम बिना किसी बाहरी सहयोग के संचालित किया जा रहा है . कार्यक्रम में ग्रुप के सदस्य सविता सिरसाट, हंसा थोरात, राजकुमारी मेहरा, नीलम शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे . सहयोग सोशल वेलफेयर ग्रुप लगातार समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय है और भविष्य में भी ऐसे कार्य करता रहेगा .

## पांच दिवसीय व्याख्यान ज्ञान मंथन आज से

इंदौर . प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के न्यू पलासिया स्थित ज्ञानशिखर ओमशांति भवन में 28 अप्रैल से बेहतर जिंदगी के लिए बेहतर सोच पांच दिवसीय व्याख्यान माला ज्ञान मंथन का आयोजन किया गया है, जिसका समय शाम 7 से रात्रि 8 .15 बजे तक रहेगा . 2 मई तक चलने वाले इस व्याख्यान माला के विषय होंगे- भावनात्मक स्वास्थ्य, ओवरकम ओवरथिंकिंग, स्वयं से प्रेम, अपनी आदतों पर नियंत्रण, क्षमा शक्ति . उपरोक्त विषयों पर अलग-अलग विद्वान वक्ता अपने विचार रखेंगे . उक्त जानकारी ज्ञानशिखर, ओमशांति भवन, इंदौर की ब्रह्माकुमारी अनीता ने दी .

## नि :शुल्क नेत्र शिविर में 375 मरीजों की जांच



इंदौर . संस्था प्रयास एवं स्वाध्याय मण्डल इन्दौर, चोइथराम नेत्रालय, शेल्बी हॉस्पिटल, इन्दौर डेन्टल कॉलेज राऊ के संयुक्त तत्वावधान में नि :शुल्क नेत्र स्वास्थ शिविर का आयोजन स्वाध्याय भवन जंजीरवाला चौराहा पर आयोजित किया गया . संस्था प्रयास के अध्यक्ष सुशीला डागरिया वह मुख्य शिविर सहयोजक अनोखी लाल जैन ने बताया कि इस शिविर में 375 मरिजों ने लाभ लिया . ऑपरेशन 31 मरिजों का चयन किया गया जिनके आपरेशन नि :शुल्क होंगे रियायती दरो पे 145 चश्मे दिए . इस शिविर में मुख्य अतिथि प्रकाश भटेवरा, अनिल भण्डारी, जिनेश्वरजी जैन थे, लाभार्थी परिवार संस्था प्रयास के वीना सुराना, किरन संचेती, आशा भण्डारी आदि का सहरानी सहयोग रहा . इस शिविर में समाज सेवी कैलाश नाहर, सुरेश देशलहरा, पारस कटारिया, राजेन्द्र सुराना, राजेन्द्री लोढ़ा, आनंदीलाल संचेती, महेश डाकोलिया, राजेन्द्र भटेवरा, सुरेशकुमार बेताला, वीरेन्द्रकुमार मारू, सुनीलकुमार जैन, सोभागमल झामड, विनय जैन आदि उपस्थित थे .

## कंजर मोहल्ला में दंगा करने वाले 9 आरोपी गिरफ्तार



इंदौर . कंजर मोहल्ला क्षेत्र में दंगा करने वाले आरोपियों के खिलाफ छतरीपुरा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज कर 9 लोगों को गिरफ्तार किया है . थाना क्षेत्र में विवाद के दौरान आरोपियों ने उपद्रव करते हुए शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश की थी . सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया . इसके बाद बलवा सहित अन्य धाराओं में अपराध कायम कर आरोपियों को गिरफ्तार किया . गिरफ्तार आरोपियों में संजय उर्फ सूरज, ईशा, रोनित, शुभम, पंकज राठौर, अमन राठौर, चांदनी राठौर, मोहित राठौर, अंकित राठौर और सीमा राठौर शामिल हैं . थाना प्रभारी संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है .

## नेहरू पार्क में हुई टिफिन डिप्लोमेसी, कांग्रेसी जुटे



इंदौर . नेहरू पार्क में कांग्रेस द्वारा टिफिन पार्टी का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया . इस आयोजन में जहां कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने घर के बने व्यंजनों का आनंद लिया, वहीं संगठनात्मक एकजुटता पर जोर दिया गया . कार्यक्रम जिला कांग्रेस सेवादल कार्यवाहक अध्यक्ष विवेक खंडेलवाल, शहर कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव और गिरीश जोशी के नेतृत्व में हुआ . कार्यक्रम में छोटे से लेकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं तक ने भाग लिया और खुले माहौल में आपसी संवाद बढ़ाया . इस दौरान गीत संगीत के बीच संगठन को मजबूत करने और आगामी चुनावों को लेकर चर्चा भी की गई . नेताओं ने कहा कि टिफिन डिप्लोमेसी आपसी जुड़ाव का प्रभावी माध्यम है और इसी एकजुटता के दम पर चुनावों में मजबूती से मुकाबला किया जाएगा . कार्यक्रम में कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे . अंत में निर्णय लिया गया कि इस तरह के आयोजन हर माह किए जाएंगे .

# सड़क सुरक्षा सप्ताह शुरू, बिना हेलमेट चालकों पर होगी सख्ती

- नियम तोड़ने वालों पर किया जाएगा जुर्माना
- बार-बार उल्लंघन करने पर किया जाएगा लाइसेंस निलंबित





**नव भारत न्यूज**

इंदौर. सोमवार से शुरु हुए सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत शहर में यातायात नियमों के पालन को लेकर सख्ती बढ़ा दी गई है. बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर अब सीधे चालानी कार्रवाई की जाएगी, वहीं बार-बार नियम तोड़ने पर लाइसेंस निलंबन तक की कार्रवाई की जा सकती है.

यातायात पुलिस के अनुसार, सोमवार को जागरूकता रैली निकालकर अभियान की शुरुआत की गई. यह अभियान पूरे सप्ताह जारी रहेगा, जिसमें जागरूकता के साथ साथ सख्त चेकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है. अभियान में हेलमेट नहीं पहनने, सीट बेल्ट नहीं लगाने, तेज गति, रेड लाइट जंप और मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्माना किया जाएगा. पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने हेलमेट जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए नियमों का पालन अनिवार्य है. इस दौरान उन्होंने सख्त निर्देश दिए हैं कि बार-बार उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए उनके ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की प्रक्रिया भी अपनाई जाएगी. रैली पलासिया चौराहा से घण्टाघर, रीगल सर्कल होते हुए राजवाड़ा तक निकाली, जिसमें बाइकर्स और पुलिस कर्मियों ने लोगों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया.

### नियमों का पालन करें, अन्यथा कार्रवाई ...

रैली के दौरान डीसीपी यातायात राजेश कुमार त्रिपाठी ने आमजन से अपील की है कि अपनी सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें, अन्यथा सख्त कार्रवाई के लिए तैयार रहें . उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान विशेष चेकिंग पॉइंट बनाए गए हैं . पहली बार उल्लंघन पर चालान किया जाएगा, जबकि लगातार नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निलंबन और अन्य वैधानिक कदम उठाए जाएंगे .

# बारात के रास्ते पर रुकी एसीपी की जीप, आधे घंटे हुआ हंगामा

**इंदौर. हीरानगर क्षेत्र में बीती रात एक बारात के दौरान उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब रास्ता नहीं मिलने पर एसीपी की जीप बीच सड़क पर रुक गई. इसके बाद बहस शुरू होने से मौके पर जाम जैसी स्थिति बन गई और बारात करीब आधे घंटे तक रुकी रही.**

घटना गौरी नगर स्थित एक्सिस बैंक के पास की बताई जा रही है. यहां बजरंग दल के जिला संयोजक के भतीजे की बारात निकल रही थी. बारात में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और व्यवस्था संभालने के लिए बाउंसर भी लगाए गए थे. इसी दौरान एसीपी रूबिना मिजवानी अपनी सरकारी जीप से वहां से गुजर रही थीं. बताया जा रहा है कि सड़क पर बारात के कारण जाम लग गया था, जिससे एसीपी नाराज हो गईं. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, उन्होंने रास्ता साफ कराने को लेकर कुछ युवकों को हटाया, जिसके बाद दोनों पक्षों में सड़क पर ही तीखी बहस शुरू हो गई. इस दौरान वहां मौजूद कुछ लोगों ने भी आपत्ति जताई, इससे माहौल गरमा गया. विवाद बढ़ने पर सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई. सूचना मिलने पर हीरानगर थाना प्रभारी सुशील पटेल मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को समझाइश दी और बारात को आगे रवाना कराया, तब कहीं स्थिति सामान्य हुई. घटना के बाद क्षेत्र में देर रात तक इस घटनाक्रम की चर्चा रही. बताया जा रहा है कि मामले को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों तक शिकायत पहुंचाने की बात भी सामने आई है.

# नाबालिग चला रहा था टैंकर बेकाबू होकर पलटा

- कई वाहनों को लिया चपेट में, बड़ा हादसा टला

**इंदौर. भिचौली हप्सी क्षेत्र में सोमवार को उस समय एक बड़ा सड़क हादसा टल गया, जब एक तेज रफ्तार टैंकर अनियंत्रित होकर कई वाहनों को टक्कर मारते हुए पलट गया. हालांकि, घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन इसमें कई बाइकें क्षतिग्रस्त हो गई. टैंकर चला रहा चालक नाबालिग बताया जा रहा है.**

घटना वार्ड 76 के भिचौली हप्सी इलाके की है. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टैंकर तेज रफ्तार में था और चालक का नियंत्रण नहीं था. टैंकर सड़क पर खड़ी और चल रही कई बाइकों को टक्कर मारते हुए कुछ दूरी पर जाकर पलट गया. इसमें कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. कुछ सेकंड की देरी होती तो बड़ा हादसा हो सकता था. घटना के बाद पता चला कि टैंकर 16 वर्षीय नाबालिग संदेश यादव चला रहा था, जो हादसे के बाद मौके से फरार हो गया. हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है कि आखिर नाबालिग को भारी वाहन कैसे सौंपा. हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों ने नाराजगी जताई. कनाड़िया एसीपी कुंदन मंडलोई ने बताया कि मामले में शिकायत मिली है, जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी.

# इंदौर की बिजली व्यवस्था होगी और बेहतर, भौरासला में बन रहा सब स्टेशन

- औद्योगिक क्षेत्र और उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा, एमडी ने किया निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**इंदौर. इंदौर में बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं. सोमवार शाम मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने भौरासला क्षेत्र में बन रहे 33/11 केवी के अत्याधुनिक सब स्टेशन का निरीक्षण किया. यह सब स्टेशन अरविंदो अस्पताल के पास बनाया जा रहा है, जिसकी लागत करीब 3 करोड़ रुपये है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा.**

इस नए सब स्टेशन को 132 केवी निरंजनपुर लाइन से बिजली मिलेगी. इसके शुरू होने के बाद सांवेर रोड क्षेत्र में रहने वाले उपभोक्ताओं को काफी राहत मिलेगी. खासतौर पर भौरासला चौराहा और आसपास के इलाकों में बिजली आपूर्ति बेहतर होगी और आने वाले वर्षों में बढ़ती मांग को भी आसानी से पूरा किया जा सकेगा. बरदरी औद्योगिक क्षेत्र के उपभोक्ताओं को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा. निरीक्षण के दौरान एमडी ने सांवेर रोड के औद्योगिक क्षेत्र का भी जायजा लिया और बिजली आपूर्ति में और सुधार करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य अभियंता (कार्य) एस.एल. करवाड़िया, अधीक्षण अभियंता (ग्रामीण) डॉ. डी.एन. शर्मा, शहर अधीक्षण यंत्री डी.के. गाठे और कार्यपालन यंत्री अमित पटेल भी मौजूद रहे. यह निरीक्षण इंदौर में घरेलू और औद्योगिक दोनों स्तर पर बेहतर और स्थिर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है.

## करंट लगने से किशोरी की मौत,

इंदौर. ग्राम सुख निवास में भजन संध्या के दौरान करंट लगने से 14 वर्षीय मान्या भाटी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य बच्ची झुलस गई. परिजनों का आरोप है कि अवैध बिजली कनेक्शन और कटे तारों से डीजे व लाइट चलाने के कारण हादसा हुआ. उन्होंने जिम्मेदारों पर केस दर्ज करने की मांग की है. राजेंद्र नगर पुलिस मामले की जांच कर रही है. दूसरी ओर विदुर नगर निवासी ठेकेदार अजय वर्मा ने जहर पी लिया. उसे गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस परिजनों के बयान ले रही है और आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है.

# खाद, बीज व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर किया प्रदर्शन

- जुलूस निकालकर दिया ज्ञापन



इंदौर. एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन (एआईडीए) नई दिल्ली के आह्वान पर सोमवार को इंदौर-उज्जैन संभाग के 5 हजार से अधिक खाद, बीज एवं कीटनाशक तथा कृषि आदान विक्रेताओं ने अपनी मांगों के समर्थन में अपना सम्पूर्ण कारोबार बंद रखकर जिला, ब्लाक, तहसील एवं विकास खंड स्तर पर प्रदर्शन किया. जुलूस के रूप में अधिकारियों के दफ्तर पहुंचकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा के नाम ज्ञापन सौंपकर अपनी 6 सूत्रीय मांगों पर उनका ध्यानाकर्षण किया.

संगठन के इंदौर जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीकृष्ण दुबे, सचिव जितेन्द्र जैन, उपाध्यक्ष अरुण खंडेलवाल एवं आशीष लाठी ने बताया कि सुबह सभी व्यापारी पलसीकर जाने वाले तिराहे पर जेएमबी होटल के सामने एकत्र हुए. जुलूस के रूप में सभी व्यापारी कलेक्टोरेट पहुंचे जहाँ उन्होंने कलेक्टर शिवम वर्मा तथा कृषि विभाग के संयुक्त एवं उपसंचालक को भी ज्ञापन भेंट किए. इस अवसर पर संघ के अजय गुप्ता, सूरज गुप्ता, किशोर पुराणिक, कमल बिरला, सुनील पाटीदार, अभिषेक दुबे, भरत खत्री, विनोद चौहान, जितेन्द्र मुछाला, गोपाल सांखला, निखिल जैन, राजेश चौहान, ओमप्रकर जौहर, रवि पाटिल, दिनेश परमार, महेश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कृषि आदान विक्रेता अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए शामिल हुए. आन्दोलन में तपती दोपहरी के बावजूद इंदौर में कलेक्टोरेट कार्यालय के अलावा जिले की महू, देपालपुर, सांवेर, राऊ, हातोद, गौतमपुरा, खुडैल सहित अन्य दफ्तरों पर भी प्रदर्शन कर ज्ञापन दिए गए. व्यापारियों ने आगाह किया कि यदि खरीफ मौसम के पहले इन मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो पूरे देश में खाद, बीज, कीटनाशक एवं कृषि आदान की आपूर्ति ठप हो जाएगी जिसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्र एवं राज्य सरकार की होगी.

## देवर ने ईंट मारकर भौजाई का सिर फोड़ा

इंदौर . पारिवारिक संपत्ति विवाद में महिला के साथ मारपीट कर ईंट से हमला कर सिर फोड़ने का मामला सामने आया है . देवर ने घर खाली करने का दबाव बनाते हुए हमला किया और जान से मारने की धमकी दी . लसूड़िया थाना क्षेत्र की निरंजनपुर निवासी पूजा तायड़े ने अपनी शिकायत में बताया कि वह घर के बाहर बैठी थी, तभी उसका देवर सुदामा तायड़े वहां पहुंचा और गाली गलौज करते हुए मकान खाली करने का कहने लगा . उसने कहा कि यह घर उसके भाई का है . विरोध करने पर आरोपी ने महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी और पास पड़ी ईंट उठाकर उसके सिर पर मार दी, जिससे वह घायल हो गई . जाते-जाते आरोपी ने धमकी दी कि मकान खाली नहीं किया तो जान से खत्म कर देगा . पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मारपीट और धमकाने का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है .

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अनुकरणीय मिसाल

- अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अभियान का समापन



इंदौर. यह संभवत: देश में अपने किस्म का पहला अभियान है, जिसके माध्यम से अग्रवाल समाज के साढ़े सात हजार से अधिक बंधुओं ने समय रहते मधुमेह, मोटापा, हृदय, किडनी, लीवर एवं शरीर के अन्य अंगों से जुड़ी गंभीर बीमारियों का संज्ञान लेकर स्वयं को स्वस्थ बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है. इससे भी बड़ी बात यह है कि बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन के प्रमुख और अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के प्रमुख संरक्षक विनोद अग्रवाल ने धर्मपत्नी नीनादेवी अग्रवाल की पुण्य स्मृति में लगातार तीन माह तक निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविरों का आयोजन कर अन्य सक्षम समाजों के लिए भी एक अनुकरणीय और प्रेरणादायी मिसाल प्रस्तुत की है.

अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के अध्यक्ष और वरिष्ठ समाजसेवी प्रेमचंद गोयल ने गीता भवन सत्संग सभागृह में बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के सहयोग से श्रीमती नीना देवी अग्रवाल की पावन स्मृति में आयोजित सातवें निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर के समापन सत्र में उक्त प्रेरक विचार व्यक्त किए. उन्होंने बताया कि हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन की प्रमुख डॉ. विनिता कोठारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गत 21-22 फरवरी से यह अभियान चलाया जा रहा था. गीता भवन सहित शहर में अब तक 7 बड़े शिविरों का आयोजन हुआ जिनमें कुल 7563 समाज बंधुओं ने आकर 32 तरह की निशुल्क जांचों का लाभ उठाकर मधुमेह एवं मोटापे सहित विभिन्न रोगों से मुक्ति की दिशा में आगे बढ़ने का सार्थक प्रयास किया. संचालन नेहा मंडलोई ने किया. आभार माना शिविर संयोजक किशोर गोयल ने.

### जागरुता में अग्रणी रहे पुरूष

वरिष्ठ समाजसेवी विनोद अग्रवाल ने कहा कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में वैसे तो महिलाऐं आगे रहती हैं लेकिन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के मामले में पुरुषों ने अग्रणी रहने का कीर्तिमान बनाया हैं . इन शिविरों में जिन समाज बंधुओं ने अपनी जांचे कराई है, उन्हें फाउंडेशन की ओर से पूरे एक वर्ष तक निशुल्क चिकित्सीय परामर्श और सहयोग मिलता रहेगा . कार्यक्रम में गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, दिनेश मित्तल, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोयल, गोविन्द सिंघल, अरविन्द बागड़ी, राजेश बंसल, शीतल तोडीवाला, हरि अग्रवाल, अशोक गोयल सहित अनेक समाज बंधु भी विशेष रूप से उपस्थित थे .

# फरार ड्रग तस्कर धराया, 3 दर्जन केस दर्ज हैं आरोपी पर



**इंदौर. ब्राउन शुगर तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे एक कुख्यात आरोपी को द्वारिकापुरी पुलिस ने दबोच लिया. आरोपी पर शहर और देहात में तीन दर्जन से ज्यादा केस दर्ज हैं.**

दो माह पहले एक आरोपी से 18 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त होने के बाद एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज हुआ था. इसी मामले में यह आरोपी फरार चल रहा था. पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी थी. तकनीकी इनपुट और मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को बैक ट्रेस कर पकड़ लिया. गिरफ्तारी के बाद उससे पूछताछ की जा रही है और पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है. कार्रवाई पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत जोन 4 पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में द्वारिकापुरी थाना टीम ने की. एसीपी शिवेंद्रु जोशी का कहना है कि नशे के कारोबार में शामिल अन्य लोगों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

एक नजर में

कार्यक्रम में बच्चों एवं नृत्य प्रशिक्षु बालिकाओं ने अपने अनुभव शेयर किए

# वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहा ढाई आखर

इंदौर. ढाई आखर के 15वें आयोजन में समाज सेवियों को विशिष्ट सेवा सम्मान से नवाजा गया. कार्यक्रम में ढाई आखर की संकल्पना पर प्रकाश डालते हुए डॉ सुरेश पटेल ने बताया कि यह मंच कला, संगीत और सामाजिक सरोकारों के माध्यम से समाज में निर्गुण और संविधान के मूल तत्वों को तत्संग, तत्संवाद के जरिये कला माध्यमों से जन जन में पहुंचाकर जाने माने और जियें की अवधारणा पर कार्य करता है. इस अवसर पर बिन पानी सब सून नाटक की प्रस्तुति की गई, जिसमें पानी के महत्व की प्रभावी ढंग से अभिव्यक्त किया गया. जुगाड़ शिक्षा केन्द्र के बच्चों एवं नृत्य प्रशिक्षु बालिकाओ ने अपने अनुभव शेयर किये. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी अनिल त्रिवेदी एवं विशिष्ट अतिथि थे समान सोसाइटी केसं स्थापक राजेन्द्र बंधु एवं समाज सेवी के.आर. ओसवाल थे. अनिलत्रिवेदी ने कहा कि ढाई आखर प्रेम, ज्ञान और न्याय का ऐसा संगम है, जो समाज के वंचित वर्गों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रहा है. कबीर के विचारों को स्मरण करते हुए राजेन्द्र बंधु एवं के.आर. ओसवाल ने कहा कि समाज में बढ़ती दूरी और संवेदनहीनता को दूर करने के लिए संवाद, विवेक और आपसी विश्वास आवश्यक है.

### समाज सेवियों का किया सम्मान



इस अवसर पर समाज में मूक रहते हुए विविध क्षेत्रों में सेवा करने वाले समाज सेवियों को विशिष्ट सेवा सम्मान से संम्मानित किया गया . सोनू पाटिल, मुकेश करोले, प्रेम बानवीर, अब्दुल हाफिज, मोहन सांवले, प्रभुदयाल खेरदे, अशोक अटले, कैलाश मालवीय,विनोद जाटव, राधेश्याम पंवार, महेश मोहरे, ब्रजेश दौनेरिया, जीवछ यादव, राकेश निसोदे, नवीन पटेल, संजय पांचाल, सन्नी सोलंकी, स्वेता गुप्ता, भगतराम दायमा एवं प्रणव वुय को सम्मानित किया गया . नाटक एवं पुस्तक सेवा करने वाले बाल कलाकारों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए . अतिथियों का स्वागत गीता भारती, अर्चना गोसर एवं पूजा कुशवाह ने किया . संचालन छोटेलाल भारती ने किया . आभार डॉ सुरेश पटेल ने माना .

# गौमाता को 'राष्ट्र माता' का दर्जा दिलाने के लिए निकाली रैली



इंदौर. भारत की सांस्कृतिक विरासत और कृषि व्यवस्था की धुरी %गौमाता% को संवैधानिक रूप से राष्ट्र माता घोषित कराने के लिए देशव्यापी आंदोलन का बिगुल बज चुका है. गो सम्मान आवाह्न अभियान के तहत सोमवार को इंदौर की सड़कों पर आस्था, आक्रोश और संकल्प का ऐसा सैलाब उमड़ा कि शहर गौ माता की जय के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा. संतों और गौरक्षकों ने दो टूक शब्दों में केंद्र सरकार को चेतावनी दी है कि अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि गौवंश संरक्षण के लिए कठोर कानून और स्वतंत्र मंत्रालय चाहिए.

सुबह लक्ष्मण सिंह गौड़ मालव कन्या स्कूल के पास पर हजारों की संख्या में गौ-भक्त जुटना शुरू हो गए थे. रैली में सबसे आगे शंख ध्वनि करते बटुक, सजे-धजे हाथी, पारंपरिक बैलगाड़ियां और पीछे भजन-कीर्तन करती हजारों मातृशक्तियां शामिल थी. यह विशाल रैली कलेक्टर कार्यालय पहुँची और राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा गया।

संस्था विश्वम के अध्यक्ष पारस जैन संस्था पाधिकारी एवं संजय कटारिया, अभिषेक उदेनिया, मनोज तिवारी ने बताया कि सरकार के समक्ष पांच स्पष्ट मांगें रखी गई हैं. पहली पशुपालन विभाग से अलग एक समर्पित मंत्रालय का गठन, दूसरी गोवंश वध को गैर-जमानती अपराध बना दोषियों की संपत्ति कुर्क करने का प्रावधान, तीसरी गोबर और गोमूत्र की सरकारी खरीद सुनिश्चित करना, स्कूली पाठ्यक्रमों में गौ-महिमा और विज्ञान को अनिवार्य विषय बनाना और राजमार्गों पर प्रत्येक 50 किलोमीटर पर एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध कराना. प्रदर्शन में कई संत भी सम्मिलित हुए.

### गौमाता के सम्मान की लड़ाई

संस्था विश्वम के अध्यक्ष पारस जैन ने कहा, यह गौमाता के सम्मान की लड़ाई है . जब तक उन्हें राष्ट्रमाता का दर्जा नहीं मिलता, यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है . आज तहसील स्तर पर शंखनाद हुआ है, कल इसकी गूंज संसद तक सुनाई देगी . पं . योगेंद्र महंत ने कहा कि हमारी आस्था, संस्कृति और पोषण का आधार रही गौ माता के संरक्षण हेतु सशक्त गौ संरक्षण कानून आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है .